हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 20 सितंबर 2025

11 फुटवियर पार्क में दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रदर्शनी संपन्न



12 निकासी में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त: दीपेंद्र



## खबर संक्षेप



### सिंकदरपुर में महिला ने फंदा लगाया

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव सिंकदरपुर में अज्ञात कारणों के चलते एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतका की पहचान करीब 21 वर्षीया रिया पत्नी सुंदर के तौर पर हुई है। इसके बाद मृतका के मायका पक्ष को सूचना दी गई। शुक्रवार को मायका पक्ष के लोगों के पहुंचने के बाद मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मामले की जांच अधिकारी जयश्री ने बताया कि यूपी के फार्रुखाबाद निवासी मृतका के पिता गौरखपाल के बयानों के आधार पर इत्तिफाकिया कार्रवाई की गईञ पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### आईटीआई में 24 को लगेगा रोजगार मेला

**बहादुरगढ़।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की पहल पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहादुरगढ़ में 24 सितंबर को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। आईटीआई की प्रधानाचार्या गीता आर सिंह ने बताया कि मेले में करीब 50 विख्यात कंपनियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। मेले में लगभग 1000 छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। उनका मौके पर ही इंटरव्यू लेकर रोजगार के लिए चयन किया जाएगा। आईटीआई, दसवीं, बारहवीं या ग्रेजुएशन कि शिक्षा पूर्ण कर चुके युवा ऑनलाइन पंजीकरण करा कर मेले में भाग ले सकते हैं।

### बेटी-भतीजी सहित महिला लापता




**बहादुरगढ़।** मध्यप्रदेश मूल की एक महिला अपनी दो वर्षीय बेटी व सात वर्षीय भतीजी के संग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। परिजन तमाम संभावित ठिकानों पर तलाश चुके हैं लेकिन तीनों का कुछ अता पता नहीं है। अब परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। छतरपुर जिले के निवासी जनका का कहना है कि वह यहां परिवार सहित सांखोल में रहता है। गत 17 सितंबर को पत्नी रामकली मेरी दो वर्षीय बेटी माही व सात वर्षीय भतीजी राजकुमारी के साथ कहीं चली गई। काफी देर तक वे नहीं आई तो तलाश शुरू की। तमाम संभावित ठिकानों पर तलाश कर चुके हैं लेकिन कुछ अता पता नहीं है। वहीं, सेक्टर 6 थाने से जांच अधिकारी सुशीला का कहना है कि मामले की जांच चल रही है।

## अंतरराष्ट्रीय शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन की ताजा रैंकिंग में सुरुचि वर्ल्ड नंबर वन

■ पिता के त्याग और खुद के जुनून से हासिल किया ऐतिहासिक मुकाम



### अभ्यास के लिए प्रतिदिन भिवानी जा रही अब तक 35 पदक भी जीत चुकी सुरुचि

**झज्जर।** हरियाणा की धरती ने एक बार फिर खेल जगत में देश का मान बढ़ाया है। जिले की बेटी सुरुचि फोगाट ने अंतरराष्ट्रीय शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन की ताजा रैंकिंग में पहला स्थान हासिल कर वर्ल्ड नंबर वन का खिताब अपने नाम कर लिया है। ग्रामीण परिवेश से निकलकर संघर्ष और मेहनत की मिसाल बनीं सुरुचि अब तक 35 पदक जीत चुकी है। प्रतिदिन भिवानी की शूटिंग अकेडमी में अभ्यास करने वाली सुरुचि ने साबित कर दिया है कि लग्न और जज्बे के आगे कठिनाइयां मायने नहीं रखतीं। सुरुचि की सफलता के पीछे उनके पिता का भी अहम योगदान है। सेना में सेवाकाल के दौरान ही अपनी बेटी के सपनों को साकार करने के लिए उन्होंने नौकरी छोड़ दी। उनका कहना है कि देश सेवा सिर्फ वर्दी पहनकर ही नहीं, बल्कि बेटी को दुनिया का नंबर वन बनाकर भी की जा सकती है। सुरुचि के वर्ल्ड नंबर वन बनने की खबर के साथ उसके पैतृक गांव सासरौली में खुशी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने उसके अभिभावकों को बधाई दी। सुरुचि ने कहा कि उनका अगला सपना ओलंपिक खेलों में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतना है। उन्होंने युवाओं को मेहनत करने का संदेश दिया।

## साहिल पहलवान ने महेंद्रगढ़ में जीता खिताब

**बहादुरगढ़।** महेंद्रगढ़ में हुए दंगल में बुपनिया स्थित जयवीर अखाड़े का पहलवान छाया रहा। शानदार प्रदर्शन करते हुए साहिल ने बाल कुमार का खिताब अपने नाम किया। जीतकर लौटने पर साहिल का अखाड़े में जोरदार अभिनंदन किया गया। कोच जयवीर ने बताया कि महेंद्रगढ़ के बाघोत में यह दंगल हुआ था। साहिल ने 61 केजी वर्ग के बाल कुमार खिताब में जोर आजमाइश की। शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल कर खिताब पर कब्जा जमाया। आयोजकों की ओर से साहिल को पुरस्कृत किया गया।



**बहादुरगढ़।** कोचों व कुश्ती प्रेमियों के साथ विजेता साहिल पहलवान।

### नेशनल व एशिया चैंपियनशिप में भी मेडल जीत चुका साहिल

साहिल गांव बराही का रहने वाला है और पिछले करीब चार वर्षों से उनके पास अभ्यास कर रहा है। वह बेहद ही होनहार पहलवान है। जो भी सिखाते हैं, उसे गंभीरता से सीखता है और बेहतरीन परिणाम लाता है। इससे पहले कई लोकल प्रतियोगिताएं जीत चुका है। नेशनल व एशिया चैंपियनशिप में भी मेडल जीत चुका है। जयवीर ने कहा कि एक दिन साहिल बड़े स्तर पर देश का नाम रोशन करेगा। मौके पर मौजूद अन्य कोचों, खिलाड़ियों और कुश्ती प्रेमियों ने साहिल को आशीर्वाद देकर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### तीसरे दिन भी आनंद को तलाशती रही पुलिस

## ड्रेन में घंटों सर्च ऑपरेशन चला नाव लेकर पानी में उतरे गोताखोर

घर से साइकिल पर निकला था दस वर्षीय बच्चा, ड्रेन में मिली थी साइकिल



**बहादुरगढ़।** नाव में सवार होकर बच्चे को तलाश रहे बचाव टीम के सदस्य।

**बहादुरगढ़।** बुधवार सुबह से लापता दस वर्षीय आनंद का कुछ सुराग नहीं लग पाया है। तीसरे दिन भी ड्रेन में सर्च अभियान जारी रहा लेकिन आनंद नहीं मिला। इस वजह से परिजन और पुलिस की परेशानी बढ़ी हुई है। दरअसल, यूपी मूल का सुनील यहां अशोक विहार में रहता है। बुधवार की सुबह उसका बेटा आनंद साइकिल लेकर घर से निकला था लेकिन वापस नहीं आया। इसके बाद उन्होंने तलाश शुरू की। शाम को तलाशते तलाशते परिजन जब इस्कॉन मंदिर के पास निर्माणधीन ड्रेन पर पहुंचे तो वहां एक महिला ने बताया कि सुबह उसने ड्रेन में कुछ गिरते हुए देखा था। इसके बाद लोग ड्रेन में उतरे तो आनंद की साइकिल बरामद हुई। आनंद के भी ड्रेन में गिरने की आशंका है। तब से पुलिस और गोताखोरों की टीम ड्रेन में उसे ढूंढ रही हैं। शुक्रवार को भी दिनभर यह अभियान जारी रहा। कई किलोमीटर एरिया खंगाल लिया गया लेकिन बच्चे का सुराग नहीं लगा।

#### गिरने की आशंका

यदि बच्चा इसमें गिरा होगा तो दूर बह जाने की आशंका है। जिस जगह बच्चे के गिरने की आशंका है, वह सुरक्षा के मानकों की अनेदखी की गई है। शहर के निवासी नवीन का कहना है कि निर्माणधीन साइट पर सुरक्षा मानकों का ख्याल रखा जाता है। लेकिन यहां लाइनपार में ड्रेन पर चल रहे निर्माण में सुरक्षा के नियमों को दरकिनार किया गया है। ड्रेन की दोनों तरफ घनी आबादी है लेकिन सुरक्षा के तौर पर साइट पर कोई बन्दोबस्त नहीं। न अस्थाई दीवार बनाई, न गार्ड की व्यव्यस्था और न ही आने जाने वालों से रोकटोक होती है।

## 15 से लापता रिया का शव मुंगेशपुर ड्रेन में मिला

**बहादुरगढ़।** चार दिन से लापता किशोरी का शव शुक्रवार की शाम को मुंगेशपुर ड्रेन में मिला। शव सड़ी-गली अवस्था में था और उसकी पहचान कपड़ों और पांव में मौजूद निशान से हुई। किशोरी की मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। दरअसल, यूपी मूल का एक परिवार यहां विवेकानंद नगर में रहता है। इस परिवार की करीब 16 वर्षीय बेटी रिया 15 सितंबर को दलबीर नगर स्थित ट्यूशन क्लास के लिए गई थी। शाम करीब साढ़े छह बजे वह ट्यूशन से घर के लिए निकली, लेकिन घर नहीं पहुंची। इसके बाद परिजनों ने तलाश शुरू की। काफी तलाश के बाद जब वह नहीं मिली तो परिजनों ने सेक्टर-9 चौकी पुलिस को सूचना दी और अपरहण की आशंका जताई।



#### कपड़ों से हुई पहचान

सेक्टर 9 चौकी ने केस दर्ज कर जांच शुरू की सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की और लगातार किशोरी की तलाश जारी रखी। शुक्रवार को लाइनपार पुलिस और गोताखोर टीम एक अन्य बच्चे की तलाश में मुंगेशपुर ड्रेन में सर्च कर रही थी। इसी दौरान सेक्टर-9 बाईपास के पास ड्रेन किनारे पर एक शव अटका नजर आया। जब टीम ने शव को बाहर निकाला तो वह एक लड़की का निकला। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंचे और कपड़ों से शव की पहचान रिया के रूप में की।

### झज्जर में करंट लगने से दो की मौत

## महिला गेहूं की पिसाई करते समय चपेट में आई, साइट पर श्रमिक को करंट लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

जिले के दो अलग-अलग गांवों में कार्य करते समय करंट की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। क्षेत्र के गांव बिरड़ माजरा में हुई दुर्घटना में जहां गेहूं पिसाई करते समय एक महिला को करंट लगा वहीं दादरी तोए में भवन निर्माण कार्य में जुटा एक प्रवासी श्रमिक करंट की चपेट में आ गया। बिरड़ माजरा मामले के जांच अधिकारी एसआई राजेश ने बताया कि वीरवार की शाम करीब पांच बजे जब करीब 52 वर्षीया सुनीता देवी पत्नी कृपाल अपने घर पर ही आटा चक्की में गेंहू पीस रही थी तो अचानक वह करंट की चपेट में आ गई। इसके बाद परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मृतका के पुत्र के बयान के आधार पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। दूसरी घटना शुक्रवार सुबह करीब साढ़े दस बजे की है।

#### यूपी के संभल का रहने वाला था बाबूराम



क्षेत्र के गांव दादरी तोए में भवन निर्माण का कार्य चल रहा था जहां राजमिस्त्री व प्रवासी श्रमिक कार्य में जुटे थे। इसी दौरान एक युवक करंट की चपेट में आ गया। जब उसके साथी उसे अस्पताल लेकर पहुंचे तो वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक की पहचान मूल रूप से यूपी के संभल जिले के गांव मानकपुरा निवासी करीब 22 वर्षीय बाबूराम पुत्र सोहन सिंह के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी प्रवीण ने बताया कि मृतक के भाई पर्वत सिंह के बयानों के आधार पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## अनिल की मौत के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया

**बहादुरगढ़।** झज्जर रोड पर मृत मिले व्यक्ति के मामले में नया मोड़ आया है। परिजनों ने व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत की आशंका जताई है। बयान के आधार पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया।मृतक की पहचान अनिल मुर्मू के रूप में हुई है। पश्चिम बंगाल का रहने वाला था।

#### 15 दिन पहले मानेसर से आया था

दो बच्चों का पिता अनिल 15 दिन पहले मानेसर से नूना माजरा आया था। एक कंपनी के माध्यम से मजदूरी कर रहा था। बुधवार की रात को वह झज्जर रोड से कहीं जा रहा था। अगली सुबह उसका शव मिला और चेहरे पर चोट के निशान थे। प्रारंभिक तौर पर पुलिस ने गिरकर मौत होने की आशंका जताई थी लेकिन जैसे ही परिजन मानेसर से यहां आए तो उन्होंने पुलिस को शिकायत दी कि किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर जान गई है। इस बयान के आधार पर सदर थाना पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## शहर की गलियों में भरा सीवर का दूषित पानी, लोगों ने की पोर्टल पर शिकायत



**बहादुरगढ़।** शहर के किला मोहल्ला, झील मोहल्ला, पालिका कॉलोनी, कच्चा बाग, बाग वाला मोहल्ला, संजय कॉलोनी व बसंत विहार में सीवर व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ी है। सीवर का गंदा पानी गलियों में जमा होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है और बीमारियां फैल रही है। स्थानीय निवासी विजय राठी, कृष्ण लोहचब, मदरूप, जयभगवान सैनी, बलवंत, राहुल, संदीप बेनीवाल, नितिन चावला, धर्मेंद्र, दीपक, हन्नी, अशोक, प्रवीण, अनिल, भारत नागपाल, चारू, श्रीभगवान, पिंकी, राजरानी, कमला, ललिता, चांदो, शालू व मोनिका आदि ने बताया कि दुर्गंध ने भी लोगों का जीना मुहाल कर दिया है।

#### बीमार- हो रहे लोग

लोग बीमार हो रहे हैं। इनेलो नेता एवं पार्षद प्रतिनिधि भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने कहा कि लोगों की समस्याओं को लेकर कई बार सरकार द्वारा चलाए जा रहे शिकायत पोर्टल पर समस्याएं दर्ज करवाई जा चुकी हैं, लेकिन बिना किसी समाधान के शिकायत को बंद कर दिया जाता है।

### पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाया, अमेरिकी नागरिक थे निशाने पर

## विदेश से भी जुड़े हो सकते हैं फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाले शातिरों के तार

पांच आरोपी रिमांड पर , पुलिस ने लैपटॉप और फोन को खंगाल रही



**बहादुरगढ़।** अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाकर साइबर ठगी करने वाले फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश करने के बाद अब पुलिस ने गिरोह की गहराई तक जाने के लिए छानबीन शुरू कर दी है। शातिरों के नेटवर्क के तार विदेशों से भी जुड़े होने की आशंका है। पकड़े गए आरोपियों से फिलहाल 15 लेपटॉप, 19 मोबाइल, एक लग्जरी गाड़ी व अन्य सामान मिला था।

#### पुलिस ने 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया था

बुधवार रात बहादुरगढ़ स्थित ओमेक्स शुभांगन सोसाइटी से 18 आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने 13 आरोपियों को जेल भेज दिया, जबकि पांच को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। रिमांड के दौरान पुलिस का फोकस इस बात पर है कि गिरोह की शुरुआत कहां से हुई, इसमें नए लोगों को कैसे जोड़ा गया, तकनीकी ट्रेनिंग कहां से ली गई और अब तक कितने अमेरिकी नागरिकों को कितनी बड़ी चपत लगाई गई। जांच में यह भी पता लगाया जाएगा कि विदेश में गिरोह का कौन-कौन सपोर्ट कर रहा था और पैसों का फ्लो कहां-कहां तक जाता था।

#### दिल्ली का मयंक मास्टरमाइंड

गिरोह का संचालन दिल्ली निवासी मयंक उर्फ एरिक कर रहा है। वह अपने दो खास साथियों पुलकित और सन्नी के साथ मिलकर पूरे नेटवर्क को ऑपरेट करता है। बाकी 15 आरोपी एजेंट के तौर पर काम करते थे। यह गैंग गूगल पर फर्जी कस्टमर केयर नंबर डालता था। जब कोई अमेरिकी नागरिक उस नंबर पर संपर्क करता, तो आरोपी खुद को तकनीकी सहायता प्रदाता बताकर बात शुरू करते और फिर झांसे में लेकर ठगी को अंजाम देते। अमेरिकी नागरिकों से 100 से 500 डॉलर तक की रकम गिफ्ट कार्ड्स के जरिए वसूली जाती थी, जबकि इससे अधिक राशि बिटकॉइन और कैशऐप जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से ली जाती थी, ताकि लेन-देन को ट्रेस करना मुश्किल हो।

#### फ्लैट में चल रहा था

गिरोह बहादुरगढ़ के शुभांगन सोसाइटी में फ्लैट नंबर 701 से कॉल सेंटर चला रहा था। वहीं फ्लैट नंबर 801 को रहने के लिए किराए पर लिया गया था। कॉल सेंटर में साफ-सफाई और खाना बनाने के लिए दो नौकर नवीन तथा ओबीराम भी रखे गए थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य उपकरण बरामद किए।

### चोरों के निशाने पर जिले के धार्मिक स्थल : झज्जर के दुर्गा माता मंदिर के बाद अब बहादुरगढ़ के बालाजी मंदिर में चोरी की वारदात

## मंदिर के बाहरी हिस्से में बने कमरे के ताले तोड़कर भगवान को भोग लगाने वाले सात कुंड पर हाथ साफ



**बहादुरगढ़।** शहर के नजफगढ़ रोड पर स्थित श्रीबालाजी मंदिर।

#### श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत : मन्दिर समिति के सह सचिव सुधीर जैन ने पुलिस में दी शिकायत

बहादुरगढ़। इलाके में चोरी की वारदात बढ़ रही हैं। धार्मिक स्थल भी चोरों के निशाने पर हैं। अब यहां नजफगढ़ रोड स्थित श्रीबालाजी मंदिर में वारदात हो गई। चोरों ने मंदिर के बाहरी हिस्से में बने कमरे के ताले तोड़ दिए और भोग लगाने वाले सात कुंड पर हाथ साफ कर दिया। बुधवार की रात को यह वारदात हुई। वीरवार को जब मंदिर समिति के पदाधिकारी मंदिर पहुंचे तो वारदात का पता चला। देखा तो कमरे के ताले टूटे हुए थे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। मन्दिर समिति के सह सचिव सुधीर जैन की शिकायत पर इस संबंध में सिटी थाने में चोरी का केस दर्ज हुआ है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। जल्द से जल्द वारदात सुलझाने का प्रयास रहेगा। वहीं, इस वारदात से श्रद्धालुओं की भावना आहत है। बहादुरगढ़ इलाके में इससे पहले भी कई मंदिरों में चोरी की वारदात हुई हैं। वहीं बृहस्पतिवार को झज्जर के ुर्गा माता मंदिर से दो महिलाएं ठाकुर जी के प्रतिमा चोरी कर ले गई थी।


ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं, एक शरीर के बाकी हिस्सों में रक्त पंप करता है, जबकि अन्य दो हृदय गलफड़ों में रक्त पहुंचाते हैं।


फ्लेमिंगो का गुलाबी रंग उनके भोजन में पाए जाने वाले कैरोटीनॉयड नामक रसायन के कारण होता है।

# गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी में मिलती हैं कई सुविधाएं




नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

गर्भवती महिला तथा उनके बच्चों को भोजन की किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। आंगनबाड़ी केंद्र को 2 अक्टूबर 1975 को पूरे भारत में शुरू किया गया था। इसका मुख्य लक्ष्य बच्चों, गर्भवती महिला तथा दूध पिलाने वाली माताओं की स्वास्थ्य पोषण और विकास की आवश्यकताओं की पूर्ति करना है। गर्भधारण के दौरान महिलाएं अपना तथा अपने बच्चों का पूर्ण ध्यान रखें, उनमें कितना वजन होना चाहिए उन्हें क्या खाना चाहिए, तथा जन्म के बाद बच्चे की पूरी देखरेख जैसे उसमें कितना वजन है, बच्चों को कोई बीमारी तो नहीं है इत्यादि जांचना आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का काम होता है।

## नवजातों को सुविधा

आंगनबाड़ी माता एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं विकास संबंधित सहायता करती है। आंगनबाड़ी के जरिए नवजात शिशु तथा गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनबाड़ी में नवजात शिशु और 6 साल से कम आयु के बच्चों की देखरेख की जाती है। आंगनबाड़ी की ओर से 3 से 6 वर्ष तक बच्चों को शिक्षा दी जाती है। आंगनबाड़ी केंद्र में 6 वर्ष तक आयु को बच्चों को पोषण आहार दिया जाता है। आंगनबाड़ी के कर्यकर्ता बच्चों के खान-पान पर विशेष ध्यान देते है। यदि कोई बच्चा कुपोषित है तो उन्हें तुरंत अस्पताल भेजना तथा स्वास्थ्य सुविधा आंगनबाड़ी की तरफ से प्रदान की जाती है। अगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की तरफ से पूरी कोशिश की जाती है कि नवजात बच्चों को कोई भी बीमारी नहीं हो तथा वह कुपोषित नहीं हो और उनका स्वास्थ्य ठीक रहे।

### महिलाओं को सुविधा

अगर इस बारे में बात करें कि आंगनबाड़ी केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को क्या-क्या सुविधा दी जाती है तो आपको बता दें कि केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं को पूरी तरह मार्गदर्शन देती है कि उन्हें अपना ध्यान किस प्रकार रखना है, उन्हें क्या खाना है जो उनके तथा उनके बच्चे दोनों के लिए अच्छा हो। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं को सलाह देती है कि उन्हें क्या करना चाहिए जिससे उनके बच्चे का विकास पूर्ण रूप से हो।

## देनी होती है जानकारी

गर्भवती महिलाओं को गर्भधारण के दूसरे महीने में आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर अपना जानकारी देनी होती है। जिसके बाद आंगनवाड़ी केंद्र आपकी पूरी डीटेल्स को आंगनवाड़ी कार्यालय भेज देता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की तरफ से आपको यह जानकारी दी जाती है कि आपकी डिलीवरी कब होगी और आपका कौन-कौन सा इंजेक्शन की जरूरत है।

### 1500 दी जाती है प्रोत्साहन राशि

डिलीवरी होने के बाद आपको राशन भी दिया जाता है एवं प्रधानमंत्री योजना के तहत आपको 1500 रु प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। यह प्रोत्साहन राशि इसलिए दी जाती है ताकि आप अपने खान-पान का पूरा ध्यान रख सके और अपने बच्चों का विकास सुनिश्चित कर सकें।

### इस प्रकार ले सकते हैं सुविधा का लाभ

गर्भवती महिलाओं को यह सारी सुविधा लेने के लिए सबसे पहले आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आपको आगनबाड़ी केंद्र में जाना होता है व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सभी जानकारी देनी होती है। प्रेगनेंसी की जानकारी जब आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंच जाती है तो आपको सभी सुविधाओं का लाभ दिया जाता है।
योजना के लिए जरूरी दस्तावेज, आधार कार्ड, वोटर आईडी बैंक, खाता का पासबुक, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, इत्यादि।

## करना होता है रजिस्ट्रेशन

- इस योजना में आवेदन करने के लिए सबसे पहले आवेदक को बताये गए सभी दस्तावेजों को अपने पास रखना होता है। आवेदक महिला के पास यह सभी दस्तावेज उपलब्ध होने चाहिए।
- इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र से आपको एक फॉर्म लेना होता है और पूछी गई जानकारी को सावधानीपूर्वक दर्ज करना होता है।
- अब आपको आवेदन फार्म के साथ सभी मांगे गए दस्तावेज लगाने होते हैं।
- इसके बाद आपको अपना एप्लीकेशन फॉर्म आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर जमा करवाना होता है।
- इस प्रकार आपका रजिस्ट्रेशन पूरा हो जाता है।
- आपकी डिलीवरी होने के बाद हर महीने आपको 1500 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

## अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग सुविधा

विभिन्न राज्यों की सरकारों की तरफ से गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र की ओर से कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है जैसे उत्तर प्रदेश राज्य की तरफ से एक कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कई तरह का लाभ दिया जाता है। राज्य के अनुपूरक पोषाहारकार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाने और अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाता है। भोजन में हर दिन 600 कैलोरी ऊर्जा और 20-25 ग्राम प्रोटीन शामिल होता है। इसमें गेहूं के आटे की बर्फी, मूंग दाल की खिचड़ी और बेसन जैसी चीजें शामिल होती हैं। हरियाणा में आंगनबाड़ी केंद्रों में गेहूं, चावल, सरसों का तेल, दूध की पैकेट इत्यादि कई तरह का राशन उपलब्ध करवाया जाता है। इन सब के पीछे सरकार का एक ही उद्देश्य है कि नवजात शिशु तथा उसकी माता दोनों स्वस्थ रहें तथा दोनों का सर्वांगीण विकास हो पाए।

### कुपोषण को हराने के लिए बनाए गए आंगनबाड़ी केंद्र

आगनबाडी वह केंद्र है जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र को वेतनभागी आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वारा संचालित किया जाता है और आंगनबाड़ी सहायिका उसकी मदद के लिए होती है। भारत में बढ़ती हुई बच्चों की जनसंख्या तथा कुपोषण के लक्षणों को देखते हुए भारत सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों को एक विशेष पहचान प्रदान की है। इन केंद्रों पर समाज के गरीब वर्ग के बच्चों को काफी सहायता दी जाती है तथा इन केन्द्रों से गर्भवती महिला और उनको बच्चों को भी कई तरह की सुविधा दी जाती है।

---

सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर विकास व कंप्यूटर अनुप्रयोगों की देता समझ

# बीसीए के बाद करियर विकल्प : कॉर्पोरेट व सरकारी जगत में नौकरी के सुनहरे मौके

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



## बीसीए एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम

बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बी.सी.ए.) एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर विकास और कंप्यूटर अनुप्रयोगों की गहन समझ प्रदान करता है। इसमें प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, डाटा स्ट्रक्चर, ऑपरेटिंग सिस्टम, नेटवर्किंग, डाटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम और वेब टेक्नोलॉजी जैसे विषय शामिल होते हैं। नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी. 2020) के अनुसार अब विद्यार्थी बी.सी.ए. को तीन वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या चार वर्षों में बी.सी.ए. ऑनर्स के रूप में भी पूरा कर सकते हैं। बी.सी.ए. (ऑनर्स) कार्यक्रम में विद्यार्थियों को किसी विशेष क्षेत्र जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्लाउड कम्प्यूटिंग, डाटा साइंस या साइबर सुरक्षा में विशेषज्ञता हासिल करने का अवसर मिलता है, जिससे वे अत्यधिक प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों में सशक्त करियर बना सकते हैं। बी.सी.ए. और बी.सी.ए. (ऑनर्स) के अंतर्गत विभिन्न विशेषज्ञताएँ उपलब्ध हैं।

**प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, डाटा स्ट्रक्चर, ऑपरेटिंग सिस्टम, नेटवर्किंग की मिलती है जानकारी**

**डाटाबेस की मैनेजमेंट सिस्टम और वेब टेक्नोलॉजी की मिलती है शिक्षा**

### प्रमुख स्पेशलाइजेशन

- कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस)
- डाटा साइंस और बिग डाटा एनालिटिक्स
- साइबर सुरक्षा और नेटवर्क सुरक्षा
- क्लाउड कम्प्यूटिंग
- वेब एवं मोबाइल एप्लीकेशन विकास
- सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग
- मशीन लर्निंग एवं डीप लर्निंग
- इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी)



### खुलते हैं भविष्य के द्वार

*बीसीए छात्रों के लिए करियर की राहें केवल कंप्यूटर अनुप्रयोगों तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में उनके लिए सुनहरे भविष्य के द्वार खोलती हैं। सही कौशल और उच्च शिक्षा के साथ वे देश और विदेश, दोनों जगह उत्कृष्ट अवसर प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह जरूर लें। अधिक जानकारी के लिए **www. careerjaano. com** पर भी विज़िट कर सकते हैं।*

### आवश्यक कौशल

**बी.सी.ए. स्नातकों के लिए केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उद्योग में सफल होने हेतु विशेष कौशल आवश्यक हैं। निम्नलिखित प्रमुख कौशल इस प्रकार हैं।**

- प्रोग्रामिंग लैंग्वेज (जावा, पायथन, सी++, जावास्क्रिप्ट) में दक्षता
- समस्या समाधान और तार्किक सोच
- डाटा विश्लेषण और गणितीय क्षमता
- वेब एवं मोबाइल एप्लीकेशन विकास की समझ
- टीमवर्क और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट स्किल्स
- नई तकनीकों को शीघ्र सीखने और अपनाने की क्षमता


### उच्च शिक्षा और आगे के अवसर

**बी.सी.ए. स्नातक यदि अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाना चाहें तो उनके लिए कई मार्ग खुले हैं।**

**1. उच्च शिक्षा कार्यक्रम**
- मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एम.सी.ए.)
- मास्टर ऑफ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) – आई.टी. एवं मैनेजमेंट
- एम.एससी. (कंप्यूटर साइंस/डाटा साइंस/ए.आई.)
- पी.जी. डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड कम्प्यूटिंग या मशीन लर्निंग

**2. विशेष सर्टिफिकेशन कोर्स (प्रमुख कंपनियों द्वारा)**
- **माइक्रोसॉफ्ट:** माइक्रोसॉफ्ट अज़ूर फंडामेंटल्स
- **गूगल:** गूगल क्लाउड प्रोफेशनल सर्टिफिकेशन
- **अमेज़न:** एडब्ल्यूएस सर्टिफाइड सॉल्यूशंस आर्किटेक्ट
- **आईबीएम:** आईबीएम डाटा साइंस सर्टिफिकेट
- **ओरेकल:** ओरेकल सर्टिफाइड जावा प्रोग्रामर
- **सिस्को:** सिस्को सर्टिफाइड नेटवर्क प्रोफेशनल

***ये सर्टिफिकेशन न केवल विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री-रेडी बनाते हैं और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च वेतन वाली नौकरियों के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाते हैं।***



**बीसीए को 3 वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या 4 वर्षों में बीसीए ऑनर्स भी कर सकते हैं**

### निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

डिजिटल अर्थव्यवस्था और औद्योगिक विकास के दौर में बी.सी.ए. स्नातकों के लिए निजी क्षेत्र में विभिन्न उद्योगों में अवसर उपलब्ध हैं। निम्नलिखित प्रमुख उद्योग और उनके अंतर्गत पदनाम इस प्रकार हैं।

- **सूचना प्रौद्योगिकी**
  सॉफ्टवेयर डेवलपर
  वेब डेवलपर
  मोबाइल एप डेवलपर
  डाटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर
  क्लाउड इंजीनियर
- **बैंकिंग और वित्तीय सेवाएँ**
  आई.टी. ऑफिसर
  डाटा एनालिस्ट
  टेक्निकल सपोर्ट इंजीनियर
  बिज़नेस एनालिस्ट
- **ई-कॉमर्स एवं डिजिटल मार्केटिंग**
  ई-कॉमर्स ऑपरेशन मैनेजर
  डिजिटल मार्केटिंग टेक्नोलॉजिस्ट
  वेबसाइट मैनेजर
  एसईओ/एसईएम विशेषज्ञ
- **शिक्षा और प्रशिक्षण**
  कंप्यूटर शिक्षक (स्कूल/कॉलेज)
  ऑनलाइन ट्यूटर
  आईटी ट्रेनर
  एड-टेक कंटेंट डेवलपर
- **कंसल्टिंग और स्टार्टअप्स आईटी**
  कंसल्टेंट
  प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर
  टेक्निकल सपोर्ट स्पेशलिस्ट
  प्रोडक्ट डेवलपमेंट मैनेजर

**यह इनकम संभव**
- बी.सी.ए. स्नातकों की निजी क्षेत्र में प्रारंभिक आय लगभग 3 से 5 लाख वार्षिक होती है, जबकि अनुभव और विशेषज्ञता के साथ यह आय 10 से 20 लाख रुपये वार्षिक तक पहुंच सकती है।

### सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

सरकारी क्षेत्र में भी बी.सी.ए. स्नातकों के लिए सम्मानजनक अवसर उपलब्ध हैं। यहाँ वे विभिन्न विभागों और संगठनों में तकनीकी एवं प्रशासनिक भूमिकाएँ निभा सकते हैं। निम्नलिखित प्रमुख उद्योग और उनके अंतर्गत पदनाम इस प्रकार हैं।

- **प्रशासनिक सेवाएं**
  भारतीय प्रशासनिक सेवा
  भारतीय पुलिस सेवा
  राज्य लोक सेवा आयोग के पद
- **बैंकिंग क्षेत्र**
  प्रोबेशनरी ऑफिसर
  आईटी ऑफिसर
  क्लर्कियल पद
- **रक्षा एवं अनुसंधान संगठन**
  डी.आर.डी.ओ. में वैज्ञानिक/तकनीकी पद
  इसरो में अनुसंधान पद
  राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र में आईटी पद
- **शिक्षा और विश्वविद्यालय**
  सरकारी कॉलेजों/विश्वविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर
  कंप्यूटर प्रशिक्षक
  अनुसंधान सहायक
- **रक्षा सेवाएं**
  लेफ्टिनेंट
  आर्मी एजुकेशन कोर अफसर
  अकाउंट अफसर
  एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर
  लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर
  टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**इनकम यह संभव**
- सरकारी क्षेत्र में बी.सी.ए. स्नातक की प्रारंभिक आय लगभग 4 से 6 लाख रुपये वार्षिक होती है, जबकि उच्च पदों और अनुभव के साथ यह आय 12 से 15 लाख रुपये वार्षिक तक पहुंच सकती है।

---

# मतदान की शक्ति : सावधानी और जिम्मेदारी से चुनें भारत का भविष्य



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

आज का समय बदलाव का समय है, और आप भारत के युवा और भविष्य के कर्णधार इस बदलाव की धुरी हैं। 2025 में, जब भारत एक बार फिर अपने लोकतांत्रिक उत्सव, यानी चुनावों की ओर बढ़ रहा है, आपके पास वह शक्ति है जो देश की दिशा और दशा को बदल सकती है। सावधानी से मतदान करना केवल आपका अधिकार नहीं, बल्कि एक ऐसी जिम्मेदारी है जो आपके सपनों के भारत को साकार कर सकती है। आइए, इस प्रेरणादायक यात्रा में शामिल हों और समझें कि आपका एक वोट कैसे शांतिपूर्ण क्रांति ला सकता है। भारत का लोकतंत्र दुनिया का सबसे जीवंत और शक्तिशाली लोकतंत्र है। यहाँ हर वोट एक कहानी लिखता है, जो देश के भविष्य को आकार देता है।

## छोटे से निशान से इतिहास रच सकते हैं

आप में से कई छात्र पहली बार मतदान करने जा रहे हैं, और यह एक ऐसा मौका है जहाँ आप एक छोटे से निशान से इतिहास रच सकते हैं। लेकिन यह निशान सावधानी और जागरूकता के साथ लगाना होगा। बिना सोचे-समझे किया गया मतदान आपके सपनों को अधूरा छोड़ सकता है, जबकि सही जानकारी और जिम्मेदारी के साथ दिया गया वोट एक समृद्ध, समावेशी और प्रगतिशील भारत का निर्माण कर सकता है। आपके वोट में वह ताकत है जो शिक्षा, रोजगार, पर्यावरण और सामाजिक समानता जैसे मुद्दों पर सकारात्मक बदलाव ला सकती है। यह वोट केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि आपके विश्वास और सपनों का प्रतीक है। यह वह हथियार है जिसने भारत को स्वतंत्रता दिलाई और आज भी इसे मजबूत बनाए रखता है। 2025 में, भारत के सामने कई अहम मुद्दे हैं बेरोजगारी, शिक्षा में सुधार, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक न्याय। इन मुद्दों को हल करने के लिए हमें सही नेताओं और नीतियों को चुनना होगा। लेकिन सही चुनाव के लिए जागरूकता जरूरी है। सावधानी से मतदान का मतलब है। उम्मीदवारों के पिछले कार्यों, उनके वादों और उनकी विश्वसनीयता की जाँच करें। क्या वे आपके क्षेत्र की समस्याओं को समझते हैं? क्या उनकी योजनाएँ लंबे समय तक टिकाऊ हैं? वोट देते समय भावनाओं या प्रचार में न बहें। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यावरण जैसे मुद्दों पर उम्मीदवारों की नीतियों को समझें। आज के डिजिटल युग में, सोशल मीडिया जागरूकता फैलाने का सबसे शक्तिशाली माध्यम है। लेकिन अफवाहों और गलत सूचनाओं से बचें। सही जानकारी साझा करें और दूसरों को मतदान के लिए प्रेरित करें। अपने दोस्तों, परिवार और समुदाय को मतदान के महत्व के बारे में बताएं। एक जागरूक मतदाता समूह पूरे देश को बदल सकता है। भारत का इतिहास युवा शक्ति की गौरवगाथा से भरा पड़ा है। स्वतंत्रता संग्राम में भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और लाखों युवा छात्रों ने अहिंसक और संगठित तरीके से देश को आजादी दिलाई। आज भी, 2020 के दशक में भारतीय युवा अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। चाहे वह किसान आंदोलन हो, जहाँ युवाओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के जरिए नीतिगत बदलाव लाए, या फ्राइडेजफॉरफ्यूचर अभियान, जिसमें छात्रों ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ जागरूकता फैलाई भारतीय युवा हर बार साबित करते हैं कि वे बदलाव के असली नायक हैं।

## डिजिटल युग में आप अधिक शक्तिशाली

आज, डिजिटल युग में, आप और भी शक्तिशाली हैं। **#MeToo**, **#SaveTheChildren** जैसे अभियानों ने दिखाया कि भारतीय युवा सोशल मीडिया के जरिए लाखों लोगों को जोड़ सकते हैं और सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। 2025 में, आपके पास मतदान के जरिए इस विरासत को और मजबूत करने का अवसर है। कल्पना करें, एक ऐसा भारत जहाँ हर बच्चे को बेहतर शिक्षा, हर युवा को रोजगार और हर नागरिक को सम्मान मिले। आपका वोट इस सपने को हकीकत में बदल सकता है।

**शांतिपूर्ण क्रांति का रास्ता:** आपका वोट भारत का लोकतंत्र हमें सिखाता है कि सच्चा बदलाव शांति और एकजुटता से आता है। महात्मा गांधी ने अहिंसा के जरिए दुनिया को दिखाया कि सही मकसद और संगठित प्रयास से कोई भी सत्ता झुक सकती है। आपका वोट उसी अहिंसक क्रांति का हिस्सा है। यह एक ऐसा हथियार है जो बिना किसी नुकसान के समाज को बेहतर बना सकता है। हर वोट एक कहानी है, और यह आप पर निर्भर है कि वह कहानी प्रगति, समानता और आशा की हो।

**उठें, जागें और वोट करें** : छात्र मित्रों, यह समय है अपने भविष्य को अपने हाथों में लेने का। 2025 का साल आपके लिए एक सुनहरा अवसर है एक ऐसा मौका, जहाँ आप सावधानी और जिम्मेदारी से मतदान कर अपने सपनों के भारत को साकार कर सकते हैं। अपने स्कूल, कॉलेज और मोहल्ले में जागरूकता फैलाएँ। अपने दोस्तों को बताएँ कि उनका वोट कितना कीमती है। सोशल मीडिया पर सकारात्मक अभियान चलाएँ, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान के लिए प्रेरित हों।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हड़प्पा सभ्यता का सर्वाधिक मान्यता प्राप्त काल है।
(ए) 2800 ई. पू.-2000 ई. पू.
(बी) 2500 ई. पू. -1750 ई. पू.
(सी) 3500 ई. पू. -1800 ई. पू.
(डी) निश्चित नहीं हो सका है

**2.** सिंधु घाटी की सभ्यता निम्नलिखित में से किस सभ्यता के समकालीन नहीं थी ?
(ए) मिस्र की सभ्यता
(बी) मेसोपोटामिया की सभ्यता
(सी) चीन की सभ्यता
(डी) ग्रीक की सभ्यता

**3.** सिंधु घाटी की सभ्यता कहाँ तक विस्तृत थी?
(ए) पंजाब, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर
(बी) राजस्थान, बिहार, बंगाल, उड़ीसा
(सी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उड़ीसा और बंगाल
(डी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, सिंध और बलुचिस्तान

**4.** सिंधु घाटी की सभ्यता में घोड़े के अवशेष कहां मिले हैं ?
(ए) सुरकोटदा (बी) वणावली
(सी) लोथल (डी) कालीबंगा

**5.** सिंधु घाटी स्थल कालीबंगन किस प्रदेश में है ?
(ए) राजस्थान में (बी) गुजरात में
(सी) मध्य प्रदेश (डी) उत्तर प्रदेश

**6.** निम्नलिखित में से किस पदार्थ का उपयोग हड़प्पा काल की मुद्राओं के निर्माण में मुख्य रूप से किया गया था ?
(ए) सेलखड़ी (बी) कांसा
(सी) तांबा (डी) लोहा

**7.** हड़प्पा सभ्यता किस युग की थी ?
(ए) कांस्य युग (बी) नवपाषाण युग
(सी) पुरापाषाण युग (डी) लौह युग

**8.** सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों का मुख्य व्यवसाय क्या था ?
(ए) व्यापार (बी) पशुपालन
(सी) शिकार (डी) कृषि

**9.** हड़प्पा सभ्यता के निवासी थे
(ए) ग्रामीण
(बी) शहरी
(सी) यायावर / खानाबदोश
(डी) जनजातीय

उत्तर 1.(बी) 2.(डी) 3.(डी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(ए) 7.(ए) 8. (ए) 9. (बी)

## खबर संक्षेप

### शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य न कराने की मांग

**बहादुरगढ़।** सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए सरकार भले ही बड़े-बड़े दावे कर रही हो, लेकिन जमीनी स्तर पर प्रशासनिक फैसले इन दावों को खोखला साबित कर रहे हैं। बहादुरगढ़ क्षेत्र के कई प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की ड्यूटी बीएलओ जैसे गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाए जाने से स्कूलों में पढ़ाई ठप होने की नौबत आ गई है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल शिक्षा के अधिकार का हनन है, बल्कि सरकार के शिक्षा को प्राथमिकता देने के वादों के विपरीत भी है। संघ के जिला प्रधान सतपाल भारद्वाज ने बताया कि जिला निर्वाचन कार्यालय झज्जर के आदेशों के अनुसार शिक्षकों को बीएलओ कार्य से मुक्त रखने का स्पष्ट प्रावधान है। इसके बावजूद बहादुरगढ़ में प्राथमिक शिक्षकों को इस तरह के कार्यों में लगाया जाना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में कई स्कूलों को अस्थायी रूप से बंद करने की नौबत आ सकती है। शिक्षकों ने सरकार और प्रशासन से मांग की कि उन्हें बीएलओ जैसे गैर-शैक्षणिक कार्यों से तुरंत मुक्त किया जाए। अगर यह फैसला वापस नहीं लिया तो शिक्षकों के साथ-साथ बच्चों का भविष्य भी खतरे में पड़ सकता है।

## फुटवियर पार्क में दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रदर्शनी संपन्न

# एमएसएमई क्षेत्र की संभावनाओं पर दी विस्तृत जानकारी

**150 एमएसएमई इकाइयों ने लिया भाग, 52 स्टॉल लगे और तकनीकी सत्र भी हुए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एमएसएमई द्वारा बहादुरगढ़ स्थित फुटवियर डेवलपमेंट सर्विसेज में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्र स्तरीय वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम-कम-प्रदर्शनी शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बीएफडीएस के चेयरमैन राजकुमार गुप्ता ने एमएसएमई क्षेत्र की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी दी।

दूसरे दिन शुक्रवार को प्रदर्शनी में बतौर मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर डॉ टी रजनीश ने शिरकत की। तकनीकी सत्रों में सीएसआईआर से आए एक्सपर्ट डॉ. एस माथिवनन, डीजीक्यूए के वैज्ञानिक राहुल आर्य, एफडीडीआई सरिता दूहन, सीएलई अरविंद दत्ता, जीईएम से तुषार अग्रवाल और डिजिटल द्रोणाचार्य आकाश शर्मा आदि विशेषज्ञों ने गैर-चमड़ा फुटवियर क्षेत्र में नवीनतम नवाचार, वेंडर रजिस्ट्रेशन, निर्यात अवसर, गुणवत्ता मानक, व्यवसाय विकास, और डिजिटल मार्केटिंग जैसे विषयों पर जानकारी दी।



बहादुरगढ़। प्रदर्शनी में जानकारी लेते ब्रिगेडियर डॉ टी रजनीश। फोटो :हरिभूमि

**नवीनतम तकनीकों से अवगत कराया**

*एमएसएमई के अपर विकास आयुक्त संजीव चावला ने बताया कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से फुटवियर सेक्टर से जुड़ी इकाइयों को सरकारी खरीद नीति के अंतर्गत लाभ दिलाने, नवीनतम तकनीकों से अवगत कराने तथा एमएसएमई मंत्रालय की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया। बीसीसीआई के अध्यक्ष सुभाष जग्गा ने बताया कि प्रदर्शनी में कुल 52 स्टॉल लगाए गए थे और तकनीकी सत्रों में लगभग 150 एमएसएमई इकाइयों ने भाग लिया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र छिकारा के अनुसार आयोजन में हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश और चेन्नई से प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।*

### स्कूल के 192 विद्यार्थियों में बांटे निःशुल्क चश्में




झज्जर। विद्यार्थियों में चश्मा वितरण करते हुए शिक्षक एवं चिकित्सक।

**झज्जर।** पीएमश्री राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल लडायन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चश्मा वितरण कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर से डॉक्टर राजेश सिंगला व डॉक्टर यशु ने मुख्य रूप से शिरकत की। डॉक्टर राजेश सिंगला ने विद्यार्थियों को समझाते हुए कहा कि उन्हें अपनी आंखों की जांच नियमित करानी चाहिए ताकि जरूरतमंद विद्यार्थियों को चश्मे दिए जा सकें और वे अपनी पढ़ाई अच्छे तरीके से कर पाएं। कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल के 192 विद्यार्थियों को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए गए। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत सभी विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच भी की गई। इस मौके पर प्राचार्य अरविंद कुमार व हेल्थ एंबेसडर पवन कुमार ने कार्यक्रम में सेवाएं देने वाले स्वास्थ्यकर्मियों का आभार जताया।

# शिविर में 548 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

- एक सौ जरुरतमंद लोगों में किया चश्मा वितरण तथा 104 लोगों की बनाई आभा आईडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को सीएचसी दूबलधन में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सरपंच संगीता, अनीता व जगपाल सिंह द्वारा रिबन काटकर किया गया। एसएमओ डॉक्टर शिल्पा मेहता ने बताया कि शिविर में जहां 548 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई वहीं करीब एक सौ जरुरतमंद लोगों में चश्मे भी वितरित किए गए। मॉनिटरिंग टीम में उपस्थित उप सिविल सर्जन डॉक्टर सुनीता तंवर, कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉक्टर बसंत दूबे तथा जिला किशोर स्वास्थ्य काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा ने स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया तथा मरीजों से भी संवाद किया। एसएमओ डॉक्टर शिल्पा मेहता ने बताया कि शिविर में 104 आभा आईडी बनाई गईं, 193 रक्त जांच, 75 एनसीडी जांच, 75 किशोरियों की काउंसलिंग, 50 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिनमें 15 हाई रिस्क प्रेगनेंसी पाई गईं। इसके अलावा 17 एनसीपी कार्ड, 33 एचआईवी जांच, 10 अमलगम चेकअप, 65 आयुष्मान कार्ड, 42 लोगों की दंत जांच भी की गई।



झज्जर। आभा आईडी वितरित करते हुए चिकित्सा अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

**पौधे रोपित किए**

इस दौरान शिविर स्थल परिसर में करीब बीस पौधे भी रोपित किए गए। इस मौके पर मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर जय प्रकाश, डॉक्टर संजीव, डॉक्टर मोनिका, डेंटल सर्जन डॉक्टर संदीप, होम्योपैथी डॉक्टर प्रदीप डाबोदिया, आरबीएसके मोबाइल टीम सदस्य डॉक्टर संदीप वत्स सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# इंडक्शन कार्यक्रम के साथ नए सत्र की शुरुआत



बहादुरगढ़। बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

- चेयरमैन डॉ. हरकिशन छिल्लर ने नए विद्यार्थियों का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सत कबीर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट और संत कबीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी में 15 से 19 सितंबर तक इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ चेयरमैन डॉ. हरकिशन छिल्लर, सचिव दया किशन छिल्लर, डॉ. धीरज छिल्लर, डॉ. नवीन कुमार और डॉ. राजीव गोयल ने की। इंडक्शन कार्यक्रम के साथ नए सत्र शुरुआत की। चेयरमैन डॉ. हरकिशन छिल्लर ने नए विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि सपने बड़े, लक्ष्य ऊंचे और प्रयास महान होने चाहिए, तभी सफलता हासिल की जा सकती है। पांच दिवसीय कार्यक्रम में नए विद्यार्थियों को कॉलेज की गतिविधियों, नियमों और अनुशासन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। योग, प्राणायाम, मेडिटेशन, रोल प्ले, क्विज़ और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजयी छात्रों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वॉलीबॉल में इंजीनियरिंग टीम ने फार्मेसी टीम को 2-0 से हराया। बैडमिंटन और टेबल टेनिस में गुंजन, सादिया, सागर और वंश विजेता रहे। फार्मेसी कॉलेज की प्रधानाचार्य कनिका शर्मा और प्राध्यापक ऋतु रावत ने विद्यार्थियों को कॉलेज के नियमों के प्रति अवगत कराया। इस अवसर पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. राजीव गोयल, डॉ. नवीन कुमार, प्राध्यापक मनोज टांडाहेड़ी, सुमित दलाल, ललित दलाल, मंजू चौधरी, तरुण, सुमन, मोहित, भूपेंद्र, पुनीत, नवीन, दिनेश, मनीषा, सुमिरन, रेनु, सुनील, प्रीति, हीरालाल, मुकेश, प्रिया, मोनिका, अंशु, अनीता, निशांत सहित अन्य उपस्थित रहे।

**विद्यार्थियों को दी योग एवं प्राणायाम की जानकारी**

**झज्जर।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय दादरी तोए में शुक्रवार को योग शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता मुख्याध्यापक रोहतास सिंह खत्री द्वारा की गई जबकि योगाचार्य जगदीश सहवाग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



योगाचार्य जगदीश सहवाग ने विद्यार्थियों को विभिन्न योग एवं प्राणायामों की जानकारी देते हुए उन्हें देशभक्ति के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का लक्ष्य युवा-समर्थ-विकसित- स्वदेशी एवं आत्म निर्भर भारत का निर्माण करना है। यह तभी संभव है जब हम सभी युवा शक्ति के साथ मिलकर समाज से बुराई व अज्ञानता को समाप्त करते हुए धर्म, शांति और प्रगति राह अपनाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार से नशे दूर रहने, शराब व मांसाहार का सेवन न करने, पौष्टिक भोजन लेने तथा नियमित योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग एक विज्ञान है। नियमित योग करने से हमें आरोग्यता, तेज दिमाग, मानसिक शांति और एकाग्रता मिलती है।

# प्रवक्ता पर हमले के विरोध में प्राध्यापकों ने दिया धरना



बहादुरगढ़। बादली कॉलेज में विरोधस्वरूप धरना देते प्राध्यापक। फोटो :हरिभूमि

- प्राध्यापकों ने एसडीएम कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय के नियमित एवं एक्सटेंशन प्राध्यापकों ने कॉलेज परिसर में शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने पंचकूला के सेक्टर-1 में 15 सितंबर को शारीरिक शिक्षा के एक्सटेंशन प्राध्यापक प्रवीण ढांडा पर असामाजिक तत्वों द्वारा हमला करने की निंदा की। बादली कॉलेज के प्राध्यापकों ने इस घटना पर गहरी चिंता जताई। प्राचार्य आनंद काद्याण ने कहा कि इस तरह की घटनाएं सभ्य समाज में किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं हो सकती। मंजीत कुमार ने कहा कि दोषियों के विरुद्ध तुरंत एवं कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। विरोध प्रदर्शन के पश्चात प्राध्यापकों ने एसडीएम कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

## नेहरू महाविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में वीडियो प्रोडक्शन पर कार्यशाला आयोजित

# विद्यार्थियों को कैमरे की सेटिंग्स व वीडियो शूट का कराया अभ्यास

**वीडियो प्रोडक्शन एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें सीखने और आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में वीडियो प्रोडक्शन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को आधुनिक मीडिया परिदृश्य में वीडियो निर्माण की तकनीकी एवं रचनात्मक बारीकियों से अवगत कराया गया। फरीदाबाद स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग के प्रोडक्शन सहायक पंकज सैनी ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला का आयोजन पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉक्टर अमित भारद्वाज और कार्यशाला समन्वयक डॉक्टर कविता ने किया। पंकज सैनी ने विद्यार्थियों को वीडियो प्रोडक्शन के प्रारंभिक सिद्धांतों से लेकर कैमरा हैंडलिंग, लाइटिंग, एंगल, फ्रेमिंग और लोकेशन चयन तक की विस्तृत जानकारी दी।



झज्जर। कैमरे की सेटिंग्स के बारे में जानकारी देते हुए विशेषज्ञ। फोटो :हरिभूमि

**वीडियो शूट करने का अवसर दिया**

उन्होंने बताया कि वीडियो प्रोडक्शन एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें सीखने और आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं। सही तकनीक, रचनात्मक सोच और मेहनत के साथ कोई भी विद्यार्थी इस क्षेत्र में उत्कृष्ट करियर बना सकता है। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को न केवल सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान किया गया बल्कि उन्हें कॉलेज परिसर में जाकर कैमरे की विभिन्न सेटिंग्स का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया और स्वयं फोटो और वीडियो शूट करने का अवसर दिया गया। डॉक्टर कविता ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल प्लेटफार्म पर वीडियो की भूमिका अत्यधिक बढ़ गई है। ऐसे में विद्यार्थियों को इस क्षेत्र की जानकारी होना बेहद आवश्यक है।

## न्यूज डायरी

### जसौरखेड़ी कॉलेज में हुआ प्रतिभा खोज कार्यक्रम



बहादुरगढ़। विजेताओं को प्रमाण पत्र देते कॉलेज पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** जसौरखेड़ी के राजकीय महिला महाविद्यालय में प्रतिभा खोज कार्यक्रम शुक्रवार को समापन हो गया। गायन में सुचिका, स्पीच में दीक्षा, सोलो डांस में राखी, कविता में लता और ग्रुप डांस में सुचिका, रेनु, तमन्ना व खुशी प्रथम रही। प्राचार्य डॉ. संदीप किराड द्वारा ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किए। डॉ. सुनिल कुमार ने मंच संचालन किया। डॉ. प्रियंका अग्रवाल के संचालन में हुए कार्यक्रम में डॉ. सुनील, डॉ. अजय व डॉ. अनिल कुमार ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

### गर्ल्स कॉलेज में लगा हेल्थ चेकअप कैंप



बहादुरगढ़। कैंप में प्रतिभागियों की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में एनएसएस और वाईआरसी के सहयोग से स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ वातावरण का संदेश दिया गया। प्राचार्या अल्का गुलाटी ने छात्राओं को प्रेरित किया कि वे केवल अपने स्वास्थ्य पर ही नहीं, बल्कि अपने परिवार और समाज की स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के लिए भी जागरूक रहें। इसके बाद स्वास्थ्य जांच शिविर एवं टीकाकरण अभियान चलाया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सक टीम ने प्रतिभागियों का हीमोग्लोबिन टेस्ट, ब्लड शुगर, रक्तचाप, वजन मापन तथा स्त्री रोग संबंधी जांच की गई। साथ ही बच्चों को टीकाकरण भी किया गया।

### स्कूल प्रांगण व खेल मैदान को साफ किया



**झज्जर।** एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा एक दिवसीय सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में एसीपी अखिल कुमार व ट्रैफिक इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने मुख्य रूप से शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने व नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवकों ने देश का सच्चा सेवक बनने, नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने व जीवन में स्वच्छता अपनाने संबंधी शपथ ली। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर मुकेश शर्मा ने बताया कि स्वयंसेवकों को तीन वर्गों में विभाजित करते हुए अलग-अलग गतिविधियां कराई गई, जिनमें नशा मुक्ति अभियान, स्कूल प्रांगण व खेल मैदान की साफ-सफाई शामिल रही। इस मौके पर स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनीता गुलिया, नीलम दहिया, योजित गुलिया, भविष्य दहिया, स्कूल मैंनेजर केएम डागर, स्कूल एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, सपना अहलावत, म्यूजिक टीचर जितेंद्र, डीपीई अमित लोहचब सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### एक सप्ताह में निखिल ने हासिल की दो उपलब्धियां



झज्जर। होनहार विद्यार्थी निखिल जाखड़। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** आईआईटी कानपुर द्वारा आयोजित क्विज-2025 में एचडी स्कूल साल्हावास के छात्र निखिल जाखड़ ने ऑल इंडिया में दूसरा रैंक प्राप्त कर प्रदेश, जिले व संस्थान का गौरव बढ़ाया है। एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि आईआईटी कानपुर द्वारा उद्घोष क्विज 2025 का दूसरा और फाइनल स्तर आयोजित किया गया। इस क्विज में विद्यालय के छात्र निखिल जाखड़ ने जहां भारत में द्वितीय रैंक प्राप्त किया वहीं इसी सप्ताह उसने एनएफएसयू और डीआरडीओ द्वारा आयोजित स्टैम क्विज 3.2 बूट कैंप 2025 में प्रतिष्ठित नवाचारपूर्ण एवं तकनीकी सुलभ अवार्ड हासिल किया था। सप्ताह भीतर उसकी यह दूसरी उपलब्धि है। निखिल जाखड़ ने अपनी सफलता का श्रेय एचडी परिवार को दिया। इस उपलब्धि पर एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया व प्राचार्य सतबीर सिंह ने स्टाफ सदस्यों को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### समाधान शिविर की हुई साप्ताहिक समीक्षा

**झज्जर।** सीएम कार्यालय द्वारा जिले में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों की वीसी के माध्यम से साप्ताहिक समीक्षा की गई। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने शिविरों में प्राप्त शिकायतों, उनके निस्तारण और वर्तमान स्थिति से संबंधित स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि जिले में 5005 शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं जिनमें से केवल 378 लंबित हैं जिन पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में शिविरों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं।

### नशे के दुष्प्रभाव व साइबर अपराध पर जागरूक किया

**झज्जर।** शुक्रवार को एसीपी अनिल कुमार ने झाड़ली प्लांट के कर्मचारियों को यातायात नियमों, साइबर क्राइम और नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया। उन्होंने विशेष कर दुपहिया वाहन और कंपनी में कार्य करते समय हेलमेट का प्रयोग करने के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कैसे हेलमेट हमें चोट से बचाता है और हमारी रक्षा करता है। उन्होंने बताया कि दुपहिया वाहन पर हेलमेट पहनना बहुत जरूरी है, वैसे ही कंपनी में कार्य करते समय हेलमेट का उपयोग करना बहुत जरूरी है अगर कोई दुर्घटना हो जाती है और अपने हेलमेट नहीं पहन रखा तो आपके सिर में चोट लग सकती है। उन्होंने बताया कि वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करना चाहिए और ना ही नशे में वाहन चलाना चाहिए। वहीं साइबर क्राइम के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि अपने खाते से संबंधित कोई भी गोपनीय जानकारी किसी को न बताएं। साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।

### जल संरक्षण व स्वच्छता का संदेश दिया



बेरी। सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत चित्रकारी करते हुए अध्यापक और विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

**बेरी।** सेवा पखवाड़ा के तहत क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के साथ अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं। एसडीएम रेणुका नांदल ने बताया कि आगामी दो अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़े में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की भजन पार्टियों द्वारा लोकगीतों के माध्यम से आमजन स्वच्छता के प्रति जागरुक किया जा रहा है। इस कड़ी में शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कला प्रवक्ता बबीता रानी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने लोक कला सांझी चित्र, देश भक्ति,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, समृद्ध भारत, जल बचाओ व पर्यावरण संरक्षण इत्यादि विषयों पर पेंटिंग बनाई।

### यातायात नियमों की अवेहलना करने वाले 55 वाहन चालकों के किए चालान



**झज्जर।** यातायात पुलिस द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। यातायात पुलिस जहां लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जागरुक कर रही है वहीं यातायात के नियमों की अवेहलना करने वाले वाहन चालकों के चालान भी किए जा रहे हैं। शुक्रवार को यातायात प्रभारी उप निरीक्षक वीरेंद्र की पुलिस टीम ने यातायात के नियमों की अवहेलना करने वाले 55 वाहन चालकों के चालान किए। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे यातायात के नियमों का पालन जरूर करें। यातायात के नियमों का पालन करके आप ना केवल खुद को बल्कि दूसरे के जीवन को भी सुरक्षित रख सकते हो। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय नशे का प्रयोग नहीं करना चाहिए, वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करें, ओवरटेक करने से बचें, अपनी लाइन में ही वाहन को चलाएं। बुलेट पटाखे का प्रयोग ना करें।

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। आनंद शर्मा को स्मृति चिह्न देते डॉ.स्वामी दिव्यानंद जी महाराज।

### गाय के देव स्वरूप को समझने की जरूरत

**बहादुरगढ़।** श्री गोधन सेवा समिति द्वारा बादली रोड स्थित सेठ रामवतार गोयल वन्य उपचार केंद्र में गोदान एवं गोकथा आयोजित की जा रही है। इसमें दूसरे दिन भी अनेक गोप्रेमियों ने गोसेवा की। इस दौरान डॉ.स्वामी दिव्यानंद जी महाराज ने कहा कि वेद, शास्त्र, स्मृति पुराण और संतों की वाणियां गाय की महिमा से भरी हैं। हम इन कथाओं से गाय ही नहीं, इनके देव स्वरूप को समझें और गो सेवा की ओर समर्पित हों। इस अवसर पर दीपक बजाज, मनोज खट्टर ने ग्रंथ पूजन किया। अमित नरेश यादव, रानी, अक्षित सुशील राठी, आनंद शर्मा, देव साई राम जगत, संजय गुप्ता, संतोष सुदामा तायल, अनिल मित्तल, हेमचंद्र गर्ग, अनिल मदान आदि ने गोदान पूजन किया।

### लॉन टेनिस में झज्जर ने पाया दूसरा स्थान

**बहादुरगढ़।** यमुनानगर में 58वीं हरियाणा राज्य विद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। लॉन टेनिस अंडर-14 लड़कों की झज्जर टीम ने जोरदार प्रदर्शन कर दूसरा स्थान हासिल किया। आरुष सांगवान, इशित डागर, रवनीश सिंह, तेजस मान व आरव मान टीम में शामिल रहे। टीम इंचार्ज कुलदीप व कोच रवींद्र ने बताया कि झज्जर जिले के खिलाड़ियोंका प्रदर्शन सराहनीय रहा। खिलाड़ियों का शहर में पहुंचने पर स्वागत किया।

### बिजली को लेकर सीएम से मिले उद्यमी



**बहादुरगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा फिक्स्ड चार्ज पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई बैठक में रोहद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन और बहादुरगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। बहादुरगढ़ से मनोज सिंघल, राजेश अग्रवाल और सोमवीर कटारिया ने उद्यमियों का पक्ष रखा। उन्होंने बैठक में मुख्यमंत्री नायब सैनी से उद्योग की बिजली से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा की। सीएम ने इलेक्ट्रिक लोड को घटाने या बढ़ाने की मांग को मानते हुए फीस मुक्त करने का आश्वासन दिया। यह बात भी रखी गई कि लोड बढ़ाते या घटाते समय सीटी को बदलना नहीं पड़े, जिससे लोड में बदलाव तुरंत हो जाए। सीएम ने इस संबंध में पूरी प्रक्रिया एप आधारित करने का आश्वासन दिया, ताकि काम आसानी से और जल्दी हो सके।

## तीन सप्ताह से भरा है पानी, आने जाने का साधन नहीं

# छोटूराम नगर में कई परिवारों का रोजगार प्रभावित, पैसे हुए खत्म

अधिकतर प्रवासी परिवार दिहाड़ी मजदूरी या फैक्ट्रियों में काम करके चलाते हैं आजीविका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बरसात और ड्रेन टूटने के बाद छोटूराम नगर में जलभराव की स्थिति ने काफी परिवारों का जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। करीब तीन सप्ताह से लगातार पानी भरे रहने के कारण प्रभावित लोग रोजगार से कट गए हैं।

छोटूराम नगर में अधिकतर प्रवासी परिवार रहते हैं, जो दिहाड़ी मजदूरी या फैक्ट्रियों में काम करके अपनी आजीविका चलाते हैं। जलभराव के कारण ये लोग काम पर नहीं जा पा रहे, जिसके चलते उनकी आमदनी पूरी तरह बंद हो गई है। एक फैक्ट्री कर्मचारी ने बताया कि करीब तीन हफ्ते से फैक्ट्री नहीं जा पाए। पानी में फंसे हैं, न आने-जाने का साधन है, न ही इतनी बचत कि बाहर किराए पर रह सकें। घर में खाने के लिए भी



पैसे खत्म हो रहे हैं। सिर्फ मजदूर ही नहीं, कॉलोनी की कई छोटी दुकानें भी बंद हैं। जलभराव के बाद कई परिवार अपने घर छोड़कर रिश्तेदारों या सुरक्षित जगहों पर शरण लेने को मजबूर हो गए।

### रोजी-रोटी का संकट

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की ओर से राहत कार्य धीमी गति से चल रहे हैं। पानी की निकासी न होने और रोजगार के साधन बंद होने के कारण लोगों के सामने दो वक्त की रोटी का संकट खड़ा हो गया है। यदि यह स्थिति जल्द नहीं सुधरी, तो छोटूराम नगर के मजदूरों और छोटे व्यापारियों के लिए जीवन यापन करना और कठिन हो जाएगा।

## जल निकासी कार्य में लापरवाही नहीं होगी सहन : दीपेंद्र



झज्जर। बैठक के दौरान दिशा निर्देश देते हुए सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा।

**झज्जर।** शुक्रवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सांसद ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में जलनिकासी की स्थिति, फसलों की विशेष गिरदावरी, किसानों को मुआवजा वितरण, घर, दुकान, ट्यूबवेल, बोरवेल, पशुधन के नुकसान के सर्वे पर अधिकारियों से चरचा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को फसल खराबे का कम से कम 70 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए।

इसके अलावा घर, दुकान, ट्यूबवेल, बोरवेल आदि के नुकसान को भी सर्वे में शामिल किया जाए। बाढ़ से जिसका भी नुकसान हुआ है प्रत्येक किसान और प्रत्येक नागरिक को मुआवजा मिले। जिले में कोई ऐसा न बचे जिसको नुकसान हुआ हो और मुआवजा न मिले। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलभराव से होने वाली संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए युद्धस्तर पर दवाइयों का छिड़काव कराया जाए साथ ही लोक निर्माण विभाग टूटी सड़कों की मरम्मत करवाएं। उन्होंने कहा कि जलनिकासी के काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान विधायक डॉक्टर रघुवीर सिंह कादियान, विधायक गीता भुक्कल, विधायक कुलदीप वत्स, विधायक राजेश जून, नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय राव, सुभाष गुर्जर आदि मौजूद रहे।



### स्वयंसेवकों और एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान

**झज्जर।** संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के उपलक्ष्य में एनएसएस स्वयंसेवकों व एनसीसी कैडेट्स ने सफाई अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेकर सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया। उन्होंने न केवल स्कूल परिसर को स्वच्छ बनाया बल्कि गांव के जलघर सहित आसपास के सार्वजनिक स्थलों में भी सफाई अभियान चलाया।

स्वयंसेवकों व एनसीसी कैडेट्स द्वारा आमजन तक स्वच्छता ही सेवा का संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से एक जागरुकता रैली भी निकाली गई। रैली के दौरान उन्होंने स्वच्छता संबंधी नारे लगाते हुए लोगों को साफ-सफाई के लिए जागरुक किया। कार्यक्रम अधिकारी सुष्मिता ने बताया कि यह अभियान विशेष रूप से महत्वपूर्ण था। क्योंकि इसने एनएसएस दिवस के उद्देश्यों जैसे सामुदायिक सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी को उजागर किया। इसके अलावा एनसीसी व एसएसएस संगठनों की भागीदारी ने अपासी सहयोग व तालमेल को दर्शाया। संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने विद्यार्थियों को प्रेरित हुए उन्हें एक स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण में उनकी भूमिका से अवगत कराया।


## छारा कॉलेज में हैंडक्रॉफ्ट मेला वेस्ट से बनी वस्तुओं की प्रदर्शनी



बहादुरगढ़। छारा कॉलेज में बनाई कलाकृतियां दिखाते स्टॉफ सदस्य। फोटोः हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में कार्यकारी प्राचार्य डॉ. अनीता दलाल के दिशानिर्देशन में महिला प्रकोष्ठ इंचार्ज ज्योति द्वारा हैंड क्राफ्ट मेला आयोजित किया गया। मेले में महाविद्यालय की छात्राओं ने अपने हाथों से बनाई हुई विभिन्न आकर्षक वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी का स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थियों ने गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने छात्राओं की रचनात्मकता की सराहना की। डॉ. अनीता दलाल ने नेहरू कॉलेज में आयोजित मेले में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की सराहना की। इस मेले में वेस्ट से बनी वस्तुओं की प्रदर्शनी, पोस्टर मेकिंग तथा क्विज प्रतियोगिता हुई थी। छारा कॉलेज के अजय राठौर ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।



बहादुरगढ़। जतिन खत्री, दक्ष मलिक व नमन दलाल

## बॉक्सिंग में 3 युवाओं ने जीत लिए पदक

**बहादुरगढ़।** सोनीपत में हुई हरियाणा स्कूल स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अहलावत बॉक्सिंग क्लब के तीन बॉक्सरों ने मेडल जीते हैं।

कोच संदीप अहलावत ने बताया कि अंडर-17 आयुवर्ग के 70-75 भारवर्ग में जतिन खत्री ने कांस्य पदक, 75-80 किलोग्राम भारवर्ग में दक्ष मलिक ने कांस्य पदक और नमन दलाल ने 80 प्लस भारवर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता। बिट्टू अहलावत, रोहित अहलावत, बलजीत दलाल, तेजपाल प्रधान, बलराज दलाल, अमित मलिक, नरेंद्र लोहचब व सुमेश बल्हारा आदि ने तीनों को पदक जीतने पर बधाई दी।

## स्लोगन लेखन में वर्षा प्रथम कनिका दूसरे स्थान पर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



शुक्रवार को वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में उद्यमिता पखवाड़ा आयोजित किया गया। आइडिया जेनरेशन आफ एंप्लॉयमेंट विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 30 छात्राओं ने भाग लिया और अपने लेखन कौशल के माध्यम से अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कैरियर काउंसलिंग सैल की प्रभारी डॉ. भारती मिश्रा ने छात्राओं के कार्य की सराहना करते हुए बताया कि स्लोगन प्रतियोगिता में वर्षा कुमारी ने प्रथम स्थान, कनिका ने द्वितीय स्थान और सिमरन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि आइडिया जेनरेशन आफ एंप्लॉयमेंट हमारे समाज के लिए अति आवश्यक विषय है। आज का युवा बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहा है, इस समस्या से निजात पाने के लिए छात्राओं के माध्यम से हमें बहुमूल्य विचार प्राप्त हुए हैं। ये उनके लेखन कौशल व तर्क शक्ति को प्रदर्शित करने के साथ ही समाज में मार्गदर्शन का कार्य भी करेंगे। आईक्यूएसी प्रभारी सुजाता वर्मा ने कहा कि महाविद्यालय की छात्राओं ने अपनी अमूल्य प्रतिभा का लेखन के माध्यम से अपने विचारों को बखूबी दर्शाया है। युवा पीढ़ी वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय का नाम रोशन करेगी।

## महिला कर्मचारियों को दिया आत्मरक्षा रक्षा का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- झज्जर पुलिस शैक्षणिक संस्थानों और कंपनियों में जाकर लोगों को कर रही है जागरूक

झज्जर पुलिस शैक्षणिक संस्थानों और कंपनियों में जाकर लोगों को अपराधों तथा असामाजिक तत्वों के प्रति जागरूक कर रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को मुख्य सिपाही टीना और उनकी टीम ने औद्योगिक क्षेत्र बहादुरगढ़ स्थित मारुति सुजुकी के शोरूम में महिला कर्मचारियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया। उन्हें विपरीत परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा करने और असामाजिक तत्वों का डटकर सामना करने के तरीके सिखाए गए।

इस दौरान औद्योगिक क्षेत्र चौकी प्रभारी मोनिका ने महिलाओं को हरियाणा पुलिस की ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा और डायल 112 के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में अपने आप को कमजोर न समझें, झज्जर पुलिस हमेशा सहायता के लिए तत्पर है। साथ ही साइबर क्राइम और नशे के दुष्प्रभावों के बारे में भी जागरूक किया गया।

एसआई मोनिका ने बताया कि साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत 1930 नंबर पर कॉल करें और नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त की सूचना मानस हेल्पलाइन नंबर 9050891508 या 1933 पर दें।

## राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में दिशा ने जीता सिल्वर मेडल

- राज्य स्तरीय कुश्ती खेल प्रतियोगिता के 55 किलोग्राम भार वर्ग में दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

कैंब्रिज इंटरनेशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल बिरड़ की छात्रा दिशा ने राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीता है। स्कूल पहुंचने पर विद्यालय प्रबंधक बिमला यादव, उमेश भारद्वाज व पवन कोच द्वारा दिशा का फूल एवं नोटों की माला से स्वागत किया गया।

प्रबंधक बिमला यादव ने बताया कि सोनीपत में आयोजित राज्य स्तरीय कुश्ती



झज्जर। कुश्ती खिलाड़ी दिशा को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रबंधन समिति सदस्य।

खेल प्रतियोगिता के 55 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए दिशा ने यह मेडल हासिल किया है। इस उपलब्धि पर संस्थान पदाधिकारियों ने होनहार खिलाड़ी दिशा को प्रोत्साहन राशि से सम्मानित करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आगे भी इस तरह के प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

## लगातार खेतों का निरीक्षण करे फील्ड स्टॉफः एसडीओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

उपमंडलल कृषि कार्यालय में शुक्रवार को एसडीओ डॉ. सुनील कौशिक की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें उन्होंने फील्ड स्टाफ को धान फसल में होने वाली बीमारियों व कीटों के बारे में बताया।

एसडीओ डॉ. सुनील कौशिक के अनुसार इस समय अनुकूल वातावरण के कारण बदरा या ब्लास्ट, पर्णच्छद अंगमारी, आभासी कंडुआ, भूरे धब्बों का रोग, पत्ता लपेट सूंडी और हॉपर आदि लगने से फसल की पैदावार पर काफी प्रतिकूल असर पडता है। फील्ड स्टाफ इनसे बचाव के लिए लगातार फसल का निरीक्षण करते रहे। किसानों को इनके लक्षण और उपचार के तरीके समझाएं।

**ये रहे मौजूदः** बैठक में डॉ. महावीर मलिक, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. कविता, डॉ. सुनील कुमार, डॉ राकेश राणा, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ. विशाल अठवाल, डॉ. कुसुमलता, दीपक कुमार, मुंशीराम, विकास, सुधीर, जितेंद्र, नवीन कुमारी, जैसिका, अजीत, प्रेम, पंकज, कवलजीत, रोहित व दीपक कुमार भी मौजूद रहें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

नवरात्र | नवरात्र में अखंड दीप प्रज्वलित करने की परंपरा

## शारदीय नवरात्र की तैयारियां शुरू सोमवार को होगी घट की स्थापना

मंदिरों व शिवालयों में जन संध्या, हवन और सामूहिक आरती जैसे कार्यक्रम होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

अश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से प्रारंभ होने वाले शारदीय नवरात्र इस बार सोमवार से आरंभ हो रहे हैं। नवरात्र महोत्सव को लेकर शहर और गांवों के मंदिरों में जोर-शोर से तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। पंडित गुलशन शर्मा ने बताया कि नवरात्र के पहले दिन घटस्थापना का विशेष महत्व है। सोमवार को कलश स्थापना कर आदि शक्ति मां दुर्गा की पूजा-अर्चना शुरू की जाएगी। नवरात्र में अखंड दीप प्रज्वलित करने की परंपरा है। इसे देवी शक्ति और आस्था का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि नौ दिनों तक निरंतर जलने वाला दीपक घर-परिवार पर मां दुर्गा का आशीर्वाद बनाए रखता है। इससे सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। दीपक को पूजा घर के पूर्व या उत्तर-पूर्व दिशा में रखना शुभ माना गया है। नवरात्र पर्व को लेकर शहर के नगर खेड़ा बाबा प्रसादगिरी मंदिर, चौरासी घंटे वाला मंदिर, बूढ़ा महादेव मंदिर, श्रीराम मंदिर, मढ़ी दुर्गा माता मंदिर, श्रीगोपाल मंदिर,



- श्रद्धालु मानते हैं कि मां दुर्गा की आराधना से नए उत्साह और सकारात्मकता का होता है संचार

लेखराज मंदिर, दुर्गा भवन, बेरी गेट स्थित शिव मंदिर, हनुमान मंदिर आदि में तैयारियां की जा रही है। नवरात्र के दौरान इन मंदिरों व शिवालयों में भजन संध्या, हवन और सामूहिक आरती जैसे धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

नौ दिनों में होगी मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा : पंडित गुलशन शर्मा ने बताया कि नवरात्रों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाएगी। सोमवार को पहले दिन मां शैलपुत्री, दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी, तीसरे दिन मां चंद्रघंटा, चौथे दिन मां कूष्मांडा, पांचवें दिन देवी स्कंदमाता, छठे दिन मां कात्यायनी, सातवें दिन मां कालरात्रि, आठवें दिन मां महागौरी तथा नौवें व अंतिम दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की जाएगी। उन्होंने कहा कि नवरात्र केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज में एकता और सांस्कृतिक उत्सव का प्रतीक भी है। श्रद्धालु मानते हैं कि मां दुर्गा की आराधना से जीवन में नए उत्साह और सकारात्मकता का संचार होता है।



### स्वयंसेवकों ने माता भीमेश्वरी देवी मंदिर में किया श्रमदान

**झज्जर।** जिला प्रशासन द्वारा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि स्वयंसेवकों ने माता भीमेश्वरी देवी मंदिर और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी की स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। पूरे पखवाड़े के दौरान अलग-अलग स्कूलों के स्वयंसेवको को सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता करने के लिए अभियान चलाने की जिम्मेदारी दी गई है। ताकि लोग इसका अनुसरण करें और स्वस्थ रहे।



बहादुरगढ़। सीएम से सड़कें बनवाने का आग्रह करते जसबीर सैनी।

## सड़कें बनवाने के लिए फिर सीएम से मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- सेक्टर-9/9ए की सड़कों के लिए 4 करोड़ दस लाख रुपए का एस्टीमेट भेजा

मुख्यमंत्री नायब सैनी से गुरुग्राम में भेंट कर भाजपा नेता जसबीर सैनी ने स्थानीय सड़कें बनवाने की मांग की। उन्होंने बताया कि संबंधित विभागों ने सेक्टर-9/9ए की सड़कों के लिए 4 करोड़ दस लाख रुपए, सेक्टर-6 में 3 करोड़ 76 लाख रुपए, सेक्टर-2 में 6 करोड़ 21 लाख, नया गांव में 21 लाख व 34 लाख रुपए के एसटीमेट भेजे हैं। इन्हें जल्द स्वीकृति दिलाकर काम शुरू करवाया जाए।

भाजपा नेता जसबीर सैनी ने कहा कि इस बारे प्रदेश में बारिश काफी अच्छी हुई। जलभराव के कारण शहर की सड़कों के हालात काफी बिगड़ चुके है। जलभराव के कारण सड़कों में गड्ढे हो गए हैं जिनके कारण हादसा होने का भय बना रहता है।